न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (जिला. पाली) राज0

पीठासीन अधिकारी : श्री घनश्याम शर्मा , आर0ए0एस0

राजस्व वाद संख्या : 53/2011

बनाम

वादी :-
1. तहसीलदार, जैतारण
लैण्ड होल्डर राजस्थान सरकार
तहसील-जैतारण, जिला-पाली

प्रतिवादी :-
1. रतना पुत्र हरलाल
जाति-जंगलिया, निवासी-बोगासनी
तहसील-जैतारण, जिला-पाली

राजस्व वाद बाबत् बेदखली अन्तर्गत धारा 177 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

तारीख रजू:.28.02.2011

उपस्थितः- 1. तहसीलदार, जैतारण उपस्थित।
2. श्री रामस्वरूप चौधरी, अधिवक्ता, प्रतिवादीगण।

-:: निर्णय ::-

दिनॉकः- 29/05/2015

प्रार्थी राज्य सरकार की ओर से तहसीलदार जैतारण लैण्ड होल्डर ने र्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी तहसीलदार के पद पर कार्यरत् है एवं कार के प्रतिनिधि के रुप में भूमिधारी है। अप्रार्थी की खातेदारी आराजी सरहद ना-बोगासनी, पटवार हल्का-निम्बोल, तहसील-जैतारण (जिला-पाली) में खसरा र 128/1 रकबा 10-00 बीघा किस्म बा0दो0 की आई हुई हैं। उक्त भूमि योग्य है और अप्रार्थी ने कृषि प्रयोजनार्थ अर्थात कृषि कार्य हेतु विभिन्न दारों से क्रय की गई थी। उक्त भूमि कृषि भूमि है और उसका उपयोग केवल कृषि कार्य में ही करने के अप्रार्थी अधिकारी है। अप्रार्थी उक्त आराजी पर खनन लाईम स्टोन का अवैध रुप से किया जा रहा है। दिनांक 14/02/2011 को ज वि0के0 फोरमैन व पटवारी-निम्बोल द्वारा संयुक्त रुप से उपरोक्त आराजी का देखा गया तो मौका जांच (निरीक्षण) ख.नं. 128/1 में अवैध रुप से खनिज स्टोन के अवैध खनन पाये गये। जिसमें लगभग 15मी. X 7मी. X 5मी. तक हटाई गई। राज्य सरकार को इस तरह अवैध खनन कार्य करने से वितिय पहुंचाई जा रही है। इस प्रकार प्रति0 के द्वारा खातेदारी भूमि में बिना अनुमति रुप से खनन कार्य कर खातेदारी शर्तो (अधिकार) का उल्लंघन किया गया एवं क्षित खनन कार्य किया जा रहा है। जिसमें मानव जीवन को भारी हानि हो है। जिसकी क्षतिपूर्ति किया जाना संभव नहीं है। प्रार्थी को अप्रार्थी द्वारा जमीन जा का कृषि भिन्न कार्य (अवैध खनन) में उपयोग लेने की सूचना प्राप्त होने प्रार्थी के विरुद्ध यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जो समयावधि में है।

इस प्रकार प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजात एवं मौका रिपोर्ट प्रस्तुत कर हैं कि प्रति0 को उक्त विवादित आराजी की भूमि से बेदखल किये जाने की की हैं। इस पर राजस्व वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रति0 को जरिये वारते ज0दा0 तलब किया गया। प्रति0 की ओर से श्री रामस्वरूप चौधरी, ने वकालतनामा पेश किया, सा0मि0 हैं। वकील प्रति0 को दिनांक 2011 से लगातार अनेकानेक अवसर दिये जाने के बावजूद भी जबाबदावा में विफल रहने से इनकी ओर से जबाबदावा का अवसर समाप्त किया बाबदावा बन्द किया जाता हैं।

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)

Scanned by CamScanner

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रति0 ने सरहद मौजा–बोगासनी, पटवार हल्का–निम्बोल, तहसील–जैतारण (जिला–पाली) के ख.नं. 128/1 रकबा 15मी. 7मी. X 5मी. किस्म बा0दो0 में लाईम स्टोन (अवैध खनन) निकाल कर कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजनार्थ के उपयोग में ले रहा हैं। कृषि भूमि की उपयोगिता समाप्त कर दी गई हैं। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 177 का उल्लंघन किया हैं। प्रति0 को उक्त आराजी से बेदखल करना उचित समझते हैं।

–::आदेश::–

अतः डिक्री बहक वादी विरूद्ध प्रति0 इस आशय की सादिर की जाती है सरहद मौजा–बोगासनी, पटवार हल्का–निम्बोल, तहसील–जैतारण (जिला–पाली) के नं. 128/1 रकबा 15मी. X 7मी. X 5मी. किस्म बा0दो0 जो लाईम स्टोन ध खनन) निकाल कर कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजनार्थ हैं, की खातेदारी खारिज जाती हैं। प्रति0 के हिस्से की भूमि में से उक्त रकबा कम किया जाकर सिवाय दर्ज किया जाता हैं। प्रति0 को बेदखल किया जाता हैं। तहसीलदार, जैतारण को शित किया जाता हैं कि प्रति0 को बेदखल किया जाकर कब्जा प्राप्त करें। डिक्री पृथक से बनाया जाकर सा0मि0 हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से हो। बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर /लेख्य भण्डार जमा हो।

उपखण्ड अधिकारी, जैतारण
जिला–पाली (राज0)

र्णय आज दिनॉक 29/05/2015 को राजस्व लोक अदालत अटल सेवा म्बोल पर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी, जैतारण
जिला–पाली (राज0)

Scanned by CamScanner

डिक्री बमुकदमें इब्तदाई

(ओ 21 रूल 6,7 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत :- उपखण्ड अधिकारी, मुकामः- जैतारण

बईजलास :- श्री घनश्याम शर्मा , आर०ए०एस०

बनाम

वादी :-	प्रतिवादी :-
1. तहसीलदार, जैतारण	1. रतना पुत्र हरलाल
लैण्ड होल्डर राजस्थान सरकार	जाति-जंगलिया, निवासी-बोगासनी
तहसील-जैतारण, जिला-पाली	तहसील-जैतारण, जिला-पाली

राजस्व वाद बाबत् बेदखली अन्तर्गत धारा 177 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 — मु०न० :रा०वा० स०: 53/2011

यह मुकदमा आज वास्ते ईनफिसाल कतई रूबरू ....-....... व हाजरी तहसीलदार, जैतारण उपस्थित मिनजानिब मुद्दई व श्री रामस्वरूप चौधरी, अधिवक्ता, प्रतिवादीगण मिनजानिब मुद्धायलाह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि डिक्री बहक वादी विरूद्ध प्रति० इस आशय की सादिर की जाती है कि सरहद मौजा-बोगासनी, पटवार हल्का-निम्बोल, तहसील-जैतारण (जिला-पाली) के ख.नं. 28/1 रकबा 15मी. X 7मी. X 5मी. किस्म बा०दो० जो लाईम स्टोन (अवैध खनन) निकाल कर कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजनार्थ हैं, की खातेदारी खारिज की जाती हैं। प्रति० के हिस्से की भूमि में से उक्त रकबा कम किया जाकर सिवाय चक दर्ज किया जाता हैं। प्रति० को बेदखल किया जाता हैं। तहसीलदार, जैतारण को आदेशित किया जाता हैं कि प्रति० को बेदखल किया जाकर कब्जा प्राप्त करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर अभिलेख्य भण्डार जमा हो।

नीज .....-.....मुबलिक.....-.....बाबत......-.....खर्चा इस मुकदमें मय सूद व शहर ..-......फीस सदी सालाना आज की तारीख वसूल याबी तक .....-......को अदा करें।

बसिब्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख 29/05/2015 को जारी किया गया ।

उपखण्ड अधिकारी जैतारण
उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)
(जिला-पाली)

मुद्दई	रूपये	पैसे	मुद्धायलाह	रूपये	पैसे
स्टाम्प अर्जी दावा			स्टाम्प वकालतनामा		
स्टाम्प वकालतनामा			स्टाम्प अर्जी		
स्टाम्प वजह सबूत			महनताना वकील		
महनताना वकील			खर्चा गवाहान		
खर्चा गवाहान			फीस कमीश्नर		
फीस कमीश्नर			बाबत ईजराय हुक्मनामा		
बाबत ईजराय हुक्मनामा			मुत्फरिक		
मिजानः-			मिजानः-		

नोट:- इस खर्चे के फार्म पर कुल खर्चा यह हो फरीकेन को चाहे डिक्री के जरिए दिया गया हो, नहीं दर्ज किया जावें ।

Scanned by CamScanner